वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 227 | सोमवार 12 दिसम्बर 2022 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## कथा में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

### नागपुर से आए कथावाचक अनिरूद्ध शैवाले ने संगीतमय संविधान कथा सुनाई

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

डॉ. बीआर अंबेडकर जयंती समारोह समिति की ओर से रविवार को अंबेडकर सर्किल के सामने यूथ हॉस्टल में संविधान कथा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रदेशभर से महिलाओं ने शिरकत कर बाबा साहेब द्वारा बनाए गए भारत के संविधान का कथा के रूप में श्रवण का आनंद लिया। नागपुर-महाराष्ट्र से आए कथावाचक अनिरूद्ध शैवाले एवं उनकी टीम ने संविधान कथा की संगीतमय प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, शहर सांसद रामचरण बोहरा और डॉ. बीआर अंबेडकर जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष पूर्व आईएएस एलसी असवाल ने बाबा साहेब के छायाचित्र के सामने दीप प्रज्जवलित कर किया। असवाल ने अतिथियों को साफा व माला पहनाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में



मोहल्ला कमेटियों के मार्फत सांगानेर आसपास क्षेत्र से, अजमेर रोड बगरू क्षेत्र, खो-नागोरियन, झालाना, खातीपुरा, वाटिका सहित अन्य इलाकों से महिलाओं ने भाग लिया।

### बाबा साहेब की देन सशक्त-मजबूत संविधान

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि बाबा साहेब द्वारा बनाए गए भारत के सशक्त एवं मजबूत संविधान से ही आज देश की लोकतंत्र प्रणाली अच्छी तरह से संचालित हो रही है। हमारे संविधान में महिलाओं, दलितों और आदिवासियों को समानता व मतदान का अधिकार दिया है।

## 20 दिनों में राज्यभर में 30 सिलिकोसिस जांच व अवेयरनेस शिविर आयोजित

### 5 हजार से अधिक श्रमिकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस, पेट्रोलियम व जलदाय डॉ.सुबोध अग्रवाल ने कहा है कि राज्य के माइंस विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन और खनन धारकों से समन्वय बनाते हुए गत 20 दिनों में राज्यव्यापी अभियान चलाकर 30 से अधिक स्वास्थ्य शिविरों में करीब 5 हजार श्रमिकों व क्षेत्रवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण व सिलिकोसिस से बचाव का अवेयरनेस कार्यक्रम चलाया गया है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि पिछले माह जयपुर में स्टोनमार्ट के अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने खनन श्रमिकों के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर चिंता व्यक्त की थी। गहलोत के निर्देश पर अभियान चलाकर खनन प्रभावित क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन कर श्रमिकों व क्षेत्रवासियों में अवेयरनेस, खनन सुरक्षा संसाधनों के उपयोग के प्रति प्रेरित करने, मास्क आदि आवश्यक किट वितरण और सिलिकोसिस जैसी बीमारी के लक्षण दिखने पर वित्तीय सहायता व इलाज की व्यवस्था करवाई जा रही है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि



माइंस विभाग द्वारा अप्रेल से अब तक करीब 630 स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों और 350 जागरुकता शिविरों का आयोजन कर लगभग 25 से 30 हजार श्रमिकों व क्षेत्रवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण व अवेयरनेस कार्यक्रम चलाया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की सिलिकोसिस नीति के तहत सिलिकोसिस प्रभावितों को वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जाती है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि जिला स्तर पर गठित डीएमएफटी फण्ड से जिला कलक्टरों के माध्यम से सिलिकोसिस पीड़ितों को वित्तीय सहयोग भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

## सर्दी का असर: दिसंबर के इन दिनों में 10° से नीचे रहता है पारा, इस बार 9 शहरों में 12° से ऊपर

**जयपुर. कासं।** प्रदेश में दिसंबर में रात का पारा प्रायः माइनस में चला जाता है लेकिन इस बार 11 दिन बीतने के बावजूद सामान्य से 5° तक अधिक है। 4 दिन में ही पारा 5° तक बढ़ चुका है। बीती रात 9 शहरों में 12° से ऊपर दर्ज हुआ। दिन का पारा भी सामान्य से ऊपर जाकर 25 से 30° दर्ज हो रहा है। जबकि पिछले वर्षों में इन दिनों में कुछ जगह पारा माइनस तक चला गया था। पिछले वर्षों में दिसंबर में चूरू में सबसे कम माइनस 2.5, जैसलमेर में 1.7, जयपुर में 1.0 और कोटा में 2.8° तक तापमान पहुंचा है। हालांकि कड़ाके की सर्दी प्रायः दिसंबर के अंतिम सप्ताह में पड़ती है लेकिन इस समय इतना अधिक तापमान नहीं रहता। अधिकांश शहरों में 10° से नीचे चला जाता है। जयपुर में पिछले साल से 2° अधिक जयपुर में पिछले साल के मुकाबले पारा 2° अधिक है। पिछले साल 10 दिसंबर को 9.8 और 11 दिसंबर को 9.9° था। इस बार 10 दिसंबर को 11.4 और 11 को 11.8° रहा है। **आगे क्या :** मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी भारत में हल्का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, जिससे रात का पारा बढ़ा है। अभी दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में गहरा कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय होने से फिलहाल 5 दिन मौसम शुष्क ही रहेगा।



# विरागोदय धर्म प्रभावना अहिंसा रथ की शोभायात्रा निकाली



**निवाई. शाबाश इंडिया**

बुन्देलखण्ड के प्रथमाचार्य भारत गौरव राष्ट्रीय सन्त विराग सागर महाराज की जन्मस्थली पथरिया मे नवनिर्मित तीर्थ विरागोदय दिव्यदर्शन धर्म प्रभावना रथ का मंगल आगमन रविवार को निवाई पहुंचा। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला व राकेश संधी ने बताया कि आर्यिका विज्ञाश्री एवं विकक्षा श्री माताजी की प्रेरणा एवं सानिध्य में रविवार को दोपहर में विरागोदय तीर्थ महोत्सव एवं गणाचार्य विराग सागर महाराज के तहत संचालित विरागोदय धर्म प्रभावना रथ रविवार को सन्त निवास नसियां जैन मंदिर पहुंचने पर जैन समाज के मंत्री महावीर प्रसाद पराणा विरागोदय तीर्थ के ट्रस्टी विष्णु बोहरा राहुल बोहरा महेन्द्र चंवरिया सुनील भाणजा ज्ञानचंद सोगानी सुरेश जैन पदमचंद जैन मोहनलाल चंवरिया ताराचंद जैन अशोक बिलाला त्रिलोक सिरस विमल पाटनी निर्मल जैन अशोक चंवरिया गिर्राज जैन नरेश हथौना महिला मण्डल अध्यक्ष शशी सोगानी मेना पराणा सहित कई श्रद्धालुओं ने अगुवानी की। जौंला ने बताया कि धर्म प्रभावना रथ चोथ का बरवाड़ा शिवाड़ होते हुए निवाई पहुंचा जहाँ आर्यिका संध के सानिध्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा नसियां जैन मंदिर से रवाना होकर अहिंसा सर्किल बड़ा बाजार सब्जी मंडी चोहट्टी बाजार सहित मुख्य मार्गो से होता हुआ पुनः सन्त निवास पहुंचा जहां माताजी के सानिध्य में अनेक कार्यक्रम हुए। जौंला ने बताया कि राष्ट्रीय सन्त विराग सागर महाराज के सानिध्य में आयोजित होने वाले पथरिया मध्यप्रदेश में 1 फरवरी से 15 फरवरी 2023 तक पंचकल्याणक प्रतिष्ठा, यति सम्मेलन, मस्तकाभिषेक एवं गजरथ महोत्सव का आयोजन होगा इस उपलक्ष्य में धर्म प्रभावना के लिए सम्पूर्ण भारत में विरागोदय धर्म प्रभावना रथ का भ्रमण किया जा रहा है। इस आयोजन में निवाई से सेकडों श्रद्धालुओं का समूह जाएगा।

## केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल भगवान महावीर के दर्शनार्थ श्री महावीर जी आये



**श्री महावीर जी. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी (करोली) जैन मंदिर प्रांगण में केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भगवान महावीर की आरती की और दर्शन लाभ लिये। उल्लेखनीय है कि गोयल श्री महावीर जी के दर्शनार्थ नियमित रूप से आते रहते हैं।

## आर्यका 105 स्वस्ति भूषण माताजी ससंघ का मंगल विहार

### विशाल शोभायात्रा के साथ मुरैना पंचकल्याणक महोत्सव के लिए हुआ विहार



**चन्द्रेश जैन. शाबाश इंडिया**

**श्रीमहावीरजी।** रविवार प्रातः 9 बजे श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी मुख्य मंदिर से विशाल शोभायात्रा के साथ परम विदुषी लेखिका भारत गौरव आर्यका रतन 105 श्री स्वस्ति भूषण माताजी का संघ सहित मुरैना के पंचकल्याणक कार्यक्रम के लिए श्री महावीर जी से मुरैना के लिए मंगल विहार हुआ। इससे पूर्व आरिका श्री ने प्रातः 8 बजे मुख्य मंदिर के दर्शन कर 8:30 बजे मंगल प्रवचन देकर मुख्य मंदिर से मंगल विहार कर कांच वाला मंदिर कमल मंदिर शांति नगर आदि के दर्शन किए। मंगल विहार में सैकड़ों महिला पुरुष माताजी के जयकारों के साथ जैन धर्म की प्रभावना करते हुए चल रहे थे। माताजी का मार्ग में जगह-जगह पाद प्रक्षालन किया गया। मंगल विहार पटोदा, खेड़ा गुडला करौली धौलपुर के मार्ग होते हुए मुरैना पंचकल्याणक कार्यक्रम के लिए मंगल प्रवेश होगा। इस अवसर पर माताजी के मंगल विहार में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद है।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश कासलीवाल का नवकार ग्रुप द्वारा सम्मान



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप नवकार की आज, 11 दिसम्बर को आयोजित कार्य कारिणी मीटिंग में राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश कासलीवाल का भावभीना स्वागत किया गया। ग्रुप अध्यक्ष सुरेश जैन बांदीकुई ने कई प्रस्ताव पेश किए जिन्हें ध्वनिमत से पारित किया गया। ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष नवीन सेन जैन ने ग्रुप अध्यक्ष, सचिव एवं पूर्व अध्यक्ष के साथ मिलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश कासलीवाल, रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या व रीजन सचिव निर्मल संघी का दुपट्टा व माला पहना कर स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश कासलीवाल ने जनवरी में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए सभी को आमंत्रित किया। रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या एवं डांस के सितारें कमिटी की कोचेयरमैन श्रीमती शशी सेन जैन ने प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से सभी को बताया। ग्रुप अध्यक्ष सुरेश जैन बांदीकुई ने प्रस्तावित धार्मिक यात्रा एवं विदेश यात्रा के बारे में बताया। ग्रुप सचिव मोहन लाल गंगवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मालवीय नगर में श्री अजीत बड़जात्या अध्यक्ष निर्वाचित



**जयपुर. कासं।** दिगम्बर जैन महासमिति मालवीय नगर संभाग के मतदाताओं ने 10-12-22 को अपने मताधिकार प्रयोग करते हुए श्री अजीत प्रसाद जैन बड़जात्या को जीताकर वर्ष 2023-27 के लिए अध्यक्ष चुना।

# श्री चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट दुर्गापुरा के चुनाव सम्पन्न

| क्र. | प्रत्याशी का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमति रेखा पाटनी | कार्यकारिणी सदस्य |
| 2. | प्रकाश चन्द चांदवाड़ | कार्यकारिणी सदस्य |
| 3. | यश कमल अजमेरा | कार्यकारिणी सदस्य |
| 4. | सत्येन्द्र पाण्ड्या | कार्यकारिणी सदस्य |
| 5. | राजेन्द्र कुमार काला चन्दलाई वाले | कार्यकारिणी सदस्य |
| 6. | नरेश कुमार जैन बाकलीवाल निमोडिया वाले | कार्यकारिणी सदस्य |
| 7. | विमल कुमार गंगवाल निमोडिया वाले | कार्यकारिणी सदस्य |
| 8. | महावीर प्रसाद जैन झाग वाले | कार्यकारिणी सदस्य |
| 9. | नेमी निगोतिया | कार्यकारिणी सदस्य |
| 10. | भारत भूषण अजमेरा | कार्यकारिणी सदस्य |
| 11. | जय कुमार जैन बगरु वाले | कार्यकारिणी सदस्य |
| 12. | महावीर कुमार चांदवाड़ | कार्यकारिणी सदस्य |
| 13. | डा. मनीष | कार्यकारिणी सदस्य |
| 14. | भागचन्द जैन बाकलीवाल | कार्यकारिणी सदस्य |
| 15. | दिलीप कुमार कासलीवाल | कार्यकारिणी सदस्य |
| 16. | आनन्द अजमेरा | कार्यकारिणी सदस्य |
| 17. | सुनील कुमार जैन संगही | कार्यकारिणी सदस्य |
| 18. | राजेन्द्र कुमार रांवका | कार्यकारिणी सदस्य |
| 19. | महेन्द्र सेठी | कार्यकारिणी सदस्य |

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट दुर्गापुरा के 19 कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव आज मंदिर जी प्रगाण मे चुनाव अधिकारी अमर चंद जैन द्वारा सम्पन्न करवाये गये। चुनाव में निर्वाचित घोषित किये गये। निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों में से पदाधिकारियों का चुनाव किया जाएगा।

# आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ससंघ का अपने 60 शिष्यों के साथ में हुआ विहार

## वैशाली नगर में भव्य मंगल प्रवेश



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** तआचार्य सुनील सागर जी महाराज ससंघ का कल वैशाली नगर के महावीर दिगंबर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ जिसमें विशाल जनसमुदाय उमड़ पड़ा। प्रवीण बड़जात्या ने बताया कि आचार्य श्री संघ का यहां पर 15 दिन का प्रवास रहेगा और विशाल भक्तिरस उमड़ेगा। इस प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में देवाराम सैनी पधारे। अतिथियों का सम्मान हरीश जैन एवं बुद्धि प्रकाश जैन ने किया। जयकुमार बड़जात्या एवं मोहित जैन ने बताया कि सोगानी ज्वेलर्स पर आचार्य श्री का 105 श्री सुदृढ़मति माताजी, 105 श्री सुस्वरमति माताजी से भव्य मिलन भी हुआ।।

# श्री अग्रसेन मेडिकल सेंटर का शुभारंभ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री अग्रवाल समाज सेवा समिति, जनता कॉलोनी, महाराजा अग्रसेन हैल्थ एजुकेषन फाउंडेशन ट्रस्ट व श्री अग्रसेन मेडिकल प्रबंध समिति के सौजन्य से जनता कॉलोनी स्थित पीएमपी भवन में श्री अग्रसेन मेडिकल



शुरू हुआ। इस सेंटर का शुभारंभ श्री सरस निकुंज के श्री अलबेली माधुरी शरण जी महाराज ने दीप प्रज्जवलन किया। इससे पूर्व हवन व पूजा विधि विधान से हुई। इस मौके पर रीको के डायरेक्टर सीताराम अग्रवाल मंगला सरियावाले,फोर्टी व श्री अग्रवाल शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल के अलावा श्री अग्रवाल समाज सेवा समिति,जनता कॉलोनी के अध्यक्ष भारत अग्रवाल,महामंत्री योगेश बिंदल, महाराजा अग्रसेन हैल्थ एजुकेषन फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष अरविन्द अग्रवाल व महामंत्री नरेन्द्र कुमार गुप्ता, श्री अग्रसेन मेडिकल प्रबंध समिति के अध्यक्ष मुकुल गोयल व महामंत्री रामबाबू अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस सेंटर में जनरल फिजिशियन, दांत, बच्चों, हड्डी सहित अन्य रोगों का उपचार व सभी प्रकार की खून की जांचे, दिजिटल एक्स-रे, ईसीजी की जांच भी की जाएगी।

# तेरापंथ भवन सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होता है...

## तेरापंथ भवन निर्माण संगोष्ठी का अहमदाबाद में विशेष आयोजन

**अहमदाबाद. कासं।** युगप्रधान शांतिदूत आचार्य श्री महाश्रमणजी के सुशिष्य डॉ मुनिश्री पुलकित कुमारजी के पावन सानिध्य में श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा अहमदाबाद पश्चिम के प्रमुख कार्यकर्ताओं की एक विशेष संगोष्ठी तेरापंथ भवन निर्माण के संदर्भ में आयोजित हुई। इस अवसर पर डॉ मुनिश्री पुलकित



कुमारजी ने फरमाया- तेरापंथ भवन से सामाजिक महत्वपूर्ण पहचान बनती हैं, वहां साधु- साध्वीओं का पदार्पण तथा चातुर्मास भी हो सकते हैं तो धर्मसंघ की ज्ञानशाला, तेरापंथ महिला मंडल की संगोष्ठी तथा सामायिक आदि अनेक विविध कार्यक्रम भी समायोजित हो सकते हैं। जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा अहमदाबाद पश्चिम के कार्यकर्ता भी इस और आगे बढ़ रहे हैं। कोई भी कार्य हो उसे लक्ष्य पूर्वक करने से तन मन धन की किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं रहती बशर्ते की कार्यकर्ता मन में पक्का निर्णय लें। तेरापंथी सभा अहमदाबाद पश्चिम के अध्यक्ष पारसजी कोठारी ने मुनिश्री का स्वागत करते हुए भावना व्यक्त की की मुनिश्री आप हमें ऐसा मंगलपाठ एवं आशीर्वाद प्रदान करें कि हम पूज्य गुरुदेव के अहमदाबाद पदार्पण से पूर्व ही अपना स्वयं का तेरापंथ भवन बनाकर उसमें ही आचार्यश्री महाश्रमणजी के पावन पगलिया एवं प्रवास करवाएं।

## वेद ज्ञान

### सृष्टि का संचालन प्रेम से...

जीवन मन की भावनाओं से संचालित होता है। मन की सद्भावनाएं सारे दुखों, अभावों और विफलताओं को नकारते हुए आनंद की अवस्था का निर्माण करती हैं। इससे जीवन की गति बनी रहती है। किसी का भी जीवन सदा सुखों से भरा और निर्बाध नहीं रहा। सभी के जीवन में बाधाएं आती हैं। दुखों से सामना होता है और विफलताएं घेरती हैं। कोई मनुष्य भला है। धर्म मार्ग पर चल रहा है। परोपकार कर रहा है। बावजूद इसके उसे कुछ मामलों में कष्ट सहना पड़ सकता है, किंतु अधर्मी और सच के मार्ग पर चलने वाले शख्स के जीवन में मूल अंतर है। अधर्मी मनुष्य दुखों से घबराया, डरा और टूटा हुआ होता है, जबकि भला व्यक्ति दुखों को सहना और जीवन में संतुलन बनाए रखना जानता है। भय, आशंका और निराशा जैसे भाव अपनी शक्ति पर विश्वास न रखने वालों के लिए बने हैं। सच धारण करने वाला अपने सामर्थ्य के साथ परमेश्वर की अनंत शक्ति को जीवन का आधार बनाता है और उसके न्याय पर विश्वास रखकर निर्भय और निश्चिंत हो जाता है। जीवन में आए दुख उसे ईश्वर के न्याय का अंश लगते हैं, जिन्हें सहर्ष स्वीकार करने में उसे अपना हित दिखता है। इस कारण बड़े से बड़ा दुख भी उसे तिल मात्र लगता है और उसके मन की अवस्था को प्रभावित नहीं कर पाता। मन शुद्ध भावनाओं से भरा हो और ईश्वर के विश्वास पर टिका हो, तो व्यक्ति सफलताएं मिलने के बावजूद घमंडी नहीं होता और विफलताएं भी उसे हताश नहीं करतीं। ईश्वर से जुड़ना ही उसके लिए सबसे बड़ा सुख और उपलब्धि है। राजा से रंक और रंक से राजा बना देना तो ईश्वर का खेल है। राजा बन कर भी ईश्वर की इच्छा का पालन करना है और रंक बनकर भी उसकी आज्ञा को मानना है। परमात्मा की आज्ञा के पालन में ही उसकी प्रसन्नता निहित होती है। सांसारिक दुख उसके लिए अर्थहीन हो जाते हैं। यदि मन में परमात्मा के प्रति प्रेम उमड़ रहा है, तो मौसम की भीषण गर्मी उसे तपा नहीं पाती और घोर शीत में भी वह अप्रभावित रहता है। उसके मन में सदा बसंत जैसा मौसम बना रहता है और शुभ विचारों के पुष्प खिले होते हैं। संसार में कितने ही महापुरुष हुए जिन्होंने अधर्मियों और अत्याचारियों द्वारा दिए गए भारी दुख हंसते हुए सहे और अपने मार्ग पर अटल रहे।

## संपादकीय

# अपराधीकरण खत्म करने को लेकर कोई भी पार्टी गंभीर नहीं

दिल्ली नगर निगम चुनाव के बाद एक बार फिर यह साफ हुआ है कि राजनीति में अपराधीकरण खत्म करने को लेकर कोई भी राजनीति पार्टी गंभीर नहीं है। सार्वजनिक रूप से वे और उनके नेता चाहे कितने भी दावे करें कि वे राजनीति को स्वच्छ बनाने के लिए काम करेंगे, लेकिन मौका मिलते ही वे भी इस बात का खयाल रखना जरूरी नहीं समझते कि अपराध के आरोपी या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले किसी व्यक्ति को उम्मीदवार बनाने से कौन-सी परंपरा मजबूत होगी। गौरतलब है कि दिल्ली नगर निगम चुनावों में जीते पार्षदों के संदर्भ में 'एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स' यानी एडीआर और 'दिल्ली इलेक्शन वाच' की ओर से जारी एक रिपोर्ट में यह बताया गया है कि दो सौ अड़तालीस विजेताओं में से बयालीस यानी सत्रह फीसद निर्वाचित पार्षद ऐसे हैं, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा, उन्नीस पार्षद गंभीर आपराधिक मामलों के आरोपी हैं। विडंबना है कि यह प्रवृत्ति कम होने के बजाय



हर अगले चुनाव में और बढ़ती ही दिख रही है। सवाल है कि आए दिन राजनीतिक परिदृश्य को एक स्वच्छ और नई छवि देने से लेकर ईमानदारी का दावा करने वाली पार्टियों और उनके नेताओं के लिए चुनावों के आते ही यह सवाल महत्त्वहीन क्यों हो जाता है! देश के कुछ अन्य राज्यों में जब स्थानीय स्तर पर राजनीति में अपराधियों के दखल को लेकर चिंता जताई जाती है तो उम्मीद बंधती है कि कम से कम राजधानी दिल्ली में नई शुरूआत होगी। लेकिन पिछले कई सालों से होने वाले चुनावों में यह देखा गया है कि यहां भी वही प्रवृत्ति हावी होती जा रही है। दिल्ली में फरवरी, 2020 में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद भी एडीआर ने अपने विश्लेषण में चुने गए कम से कम आधे विधायकों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज पाए थे। इसमें मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के विधायक थे। अब दिल्ली नगर निगम के चुनावों में भी किसी पार्टी ने उम्मीदवार बनाने के लिए स्वच्छ छवि के व्यक्ति को तरजीह देने की जरूरत नहीं समझी। नतीजतन, जनकल्याण के नारे और वादे के साथ जो उम्मीदवार जीत कर पार्षद बने हैं, वे खुद गंभीर अपराधों के आरोपों से जूझ रहे हैं। दरअसल, जब भी राजनीति के अपराधीकरण का मुद्दा बहस का केंद्र बनता है तो अमूमन सभी दलों की ओर से बढ़-चढ़ कर इसके खिलाफ अभियान चलाने और इसे खत्म करने के दावे किए जाते हैं। लेकिन जब चुनाव आता है तो वही राजनीतिक पार्टियां आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों या फिर अपराध के आरोपियों को उम्मीदवार बनाने में कोई हिचक नहीं महसूस करती हैं। अफसोसनाक यह है कि इसमें वैसी पार्टियां भी शामिल हैं, जिनका राजनीति में उदय ही भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे के खिलाफ अभियान चलाने से हुआ। लोगों को यह उम्मीद थी कि वे राजनीति को अपराधीकरण से मुक्त एक नया चेहरा देंगी। लेकिन ऐसा लगता है कि लगभग सभी पार्टियों ने यह मान लिया है कि राजनीति में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों के बिना काम नहीं चल सकता। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# उत्साह का निवेश

अर्थव्यवस्था को अपेक्षित गति में लौटा लाने के लिए मंद पड़े क्षेत्रों में निवेश पर जोर दिया जाता रहा है। कोरोना की वजह से लंबे समय तक बंदी रहने की वजह से कई क्षेत्रों में अभी तक कारोबारी रफ्तार नहीं लौट पाई है। इसकी वजह से रोजगार सृजन में भी दिक्कतें पैदा हो रही हैं। निर्माण यानी आवासीय परियोजनाओं में भी सुस्ती होने की वजह से अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है। हालांकि कोरोना से पहले ही बेनामी संपत्तियों के खिलाफ कड़ाई, भवन निर्माण सामग्री की कीमतें बढ़ने आदि के चलते आवासीय परियोजनाओं में सुस्ती आ गई थी। बहुत सारी परियोजनाएं लटक गई थीं। कोरोना की बंदी से उस पर दोहरी मार पड़ी। तब सरकार ने घोषणा की थी कि लटकी हुई आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए वह दस हजार करोड़ रुपए का एक कोष बनाएगी और उसमें पैसे डाले जाएंगे। इसके पहले चरण में पांच हजार करोड़ रुपए डाले गए थे, जिससे अटकी हुई परियोजनाओं को कुछ गति मिल सकी थी। अब इस कोष में बाकी के पांच हजार करोड़ रुपए डाल दिए गए हैं। इससे स्वाभाविक ही आवासीय परियोजनाओं से जुड़े उद्योग में उत्साह बना है। निर्माण के क्षेत्र में रोजगार सृजन की बड़ी संभावना होती है। इसलिए जब इस क्षेत्र में मंदी आती है, तो बहुत सारे निर्माण मजदूरों और दूसरे कामों से जुड़े लोगों के सामने रोजगार का संकट पैदा हो जाता है। इसका असर स्वाभाविक रूप से अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। अब अटकी पड़ी आवासीय परियोजनाओं को गति मिलने से एक तरफ जहां बहुत सारे लोगों के लिए रोजगार के अवसर फिर से खुलेंगे, वहीं उन निवेशकों को भी राहत मिलेगी, जिन्होंने बैंकों से कर्ज लेकर वर्षों से आशियाने का सपना संजो रखा है। महंगाई रोकने के मकसद से जिस तरह थोड़े-थोड़े अंतराल पर बढ़ोतरी कर रेपो रेट में करीब ढाई फीसद का इजाफा किया जा चुका है, उससे उन लोगों पर सबसे अधिक बोझ पड़ रहा है, जिन्होंने बैंकों से आवास के लिए कर्ज ले रखा है। एक तो उन्हें समय पर घर न मिल पाने की वजह से किराए के घर में रहना पड़ रहा है, दूसरे बैंक की किस्त अधिक चुकानी पड़ रही है। इसके अलावा आवासीय परियोजनाएं जैसे-जैसे लटकती जाती हैं, उनके निर्माण का खर्च भी बढ़ता जाता है। इस तरह खरीदार को शुरूआती तय कीमत से अधिक कीमत चुकानी पड़ जाती है। अच्छी बात है कि सरकार ने रुकी हुई आवासीय परियोजनाओं को पूरा कराने के लिए पूंजी उपलब्ध कराई है। अभी यह वित्तीय मदद एक सौ सत्ताईस अटकी हुई परियोजनाओं को मुहैया कराई जा रही है। स्वाभाविक ही इन परियोजनाओं का संचालन कर रही कंपनियों को काफी राहत मिल सकेगी, क्योंकि पूंजी के अभाव में वे अपने काम को आगे नहीं बढ़ा पा रही थीं। इसके बाद दो सौ छियासी अन्य परियोजनाओं का भी आकलन किया जा रहा है, जिन्हें वित्तीय मदद की जरूरत है। इसके लिए निजी और सार्वजनिक, सभी तरह के बैंकों को आगे बढ़ने को कहा गया है। हालांकि यह कोई पहला क्षेत्र नहीं है, जिसमें वित्तीय मदद के लिए सरकार ने बैंकों को प्रोत्साहन दिया है। कोरोना के बाद बड़े उद्योगों और एमएसएमई को भी इसी तरह का राहत प्रस्ताव दिया गया था, मगर उन्हें कारोबार में तेजी नजर नहीं आई, इसलिए वे उस प्रस्ताव का लाभ उठाने को आगे नहीं आए। आवासीय परियोजनाओं के मामले में भी ऐसा न हो, इसके लिए ध्यान रखना होगा।

# शिखरजी को पर्यटन केंद्र बनाने के विरोध में समग्र जैन समाज ने मौन रैली निकालकर ज्ञापन दिया







**इंदौर. शाबाश इंडिया**

समग्र जैन समाज के सर्वोच्च पवित्र तीर्थ और 20 तीर्थंकरों की निर्माण स्थली सम्मेद शिखर जी को झारखंड सरकार द्वारा पर्यटन, पिकनिक स्पॉट,एवं पर्वतारोहण और आमोद प्रमोद का केंद्र बनाने के निर्णय के विरोध में आज विश्व जैन संगठन दिल्ली के आव्हान पर देशभर में मौन रैली निकालकर ज्ञापन दिए गए।इंदौर में भी सद्भावना परमार्थिक न्यास के नेतृत्व में प्रातः राजवाड़े से गांधी प्रतिमा रीगल चौराहे तक समग्र जैन समाज की विशाल मौन रैली निकली जिसमें लगभग एक लाख लोग सम्मिलित हुए। प्रचार प्रमुख राजेश जैन दद्दू ने बताया कि रैली के गांधी प्रतिमा पहुंचने पर विश्व जैन संगठन द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री एवं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम एसडीएम इंदौर जितेंद्र पाराशर को ज्ञापन दिया गया जिसका वाचन न्यायाधीश जे के जैन ने किया। ज्ञापन में प्रमुख पांच मांगों का उल्लेख किया गया है जिसमें शिखर जी को पर्यटन केंद्र बनाने के संबंध में जारी अधिसूचना क्रमांक 2795 को अविलंब रद्द किए जाने , क्षेत्र को मांस मदिरा मुक्त पवित्र जैन तीर्थ घोषित किए जाने की मांग प्रमुख रूप से की गई है। रैली में सांसद शंकर लालवानी, सत्यनारायण पटेल पार्षद राजीव जैन विनय बाकलीवाल सहित दिगंबर जैन समाज के वरिष्ठ राजकुमार पाटोदी, नरेंद्र वैद , भरत मोदी, अशोक बड़जात्या कांतिलाल बम, वीरेंद्र नाहर, प्रदीप बड़जात्या, पंडित रतन लाल जी शास्त्री डॉक्टर जैनेंद्र जैन हंसमुख गांधी राकेश विनायका अमित कासलीवाल,राजेंद्र सोनी, जैनेश झांझरी,उज्वल जैन, अनिरुद्ध जैन आदि समाज श्रेष्ठी हाथों में तख्तियां एवं जैन ध्वज लिए पैदल चल रहे थे। मंच संचालन नकुल पाटोदी ने किया एवं आभार निर्मल पाटोदी ने माना।

# थूवोनजी कमेटी को चातुर्मास कलश भेंट किया

## विनय वात्सल्य से भरें व्यक्ति का जीवन सरल हो जाता है : आर्यिका श्री आदर्शमति माताजी, पिच्छिका परिवर्तन समारोह में उमड़ा जनसैलाब

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**



जिला मुख्यालय से चालीस किलोमीटर दूर आरोन में विराजमान आर्यिकारत्न श्री आदर्श मति माताजी, आर्यिका श्री दुर्लभ मति माताजी, अशोक नगर गौरव आर्यिका श्री अनर्घमति माताजी ससंघ ने भव्य समारोह अपनी पिच्छिकाओ का परिवर्तन किया गया ।जिसमें दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू, उपाध्यक्ष राकेश अमरोद, धर्मेन्द्र रोकड़िया, महामंत्री विपिन सिंघाई, प्रचार मंत्री विजय धुर्रा, आडिटर राजीव चन्देरी, नीलू मामा, मुनेश विजयपुरा ने आर्यिकारत्न श्री अनर्घमति माताजी की पिच्छिका का विमोचन किया ।आर्यिकारत्न श्री आदर्श मति माताजी को नवीन पिच्छिका माताजी के संघ ने भेंट की ।आर्यिका श्री दुर्लभ मति माताजी को नपा अध्यक्ष शैलेंद्र मिंटू लाल जैन ने, अशोक नगर गौरव आर्यिका श्री अनर्घमति माताजी को अर्चना दीदी व मध्यप्रदेश महासभा के संयोजक विजय धुर्रा ने भेंट की। समारोह के दौरान वषायोग में कलश स्थापित करने वाले थूवोनजी कमेटी द्वारा स्थापित चातुर्मास कलश आरोन समाज द्वारा भेंट कर समाज के पदाधिकारियों ने थूवोनजी कमेटी का सम्मान शाल श्रीफल भेंट किया गया इस दौरान अंचल भर के भक्तों को श्री फल भेंट आशीर्वाद प्राप्त किया ।

### आज विश्वास की कमी हो रही है...

इस दौरान आर्यिका रत्न श्री आदर्श मति माताजी ने कहा कि इस युग की विचित्रता है कि ना यहां आस्था है ना भक्ति है ना समर्पण है इसी कारण वांक्षित परिणाम भी नहीं मिल रहा उन्होंने कहा कि एक के समक्ष एक को खड़ा करने का नाम राजनीति है ।एक से एक मिलने का पर धर्म आ जाता है एक और एक मिलकर शून्य हो जायेगा तव अध्यात्म जीवन में आता है जव तक आदमी एक से एक मिलकर रह रहा है तव तक परिवार है समाज है। उन्होंने कहा कि भाई से बढ़ कर कोई भागीदार नहीं है वहन से बढ़कर कोई शुभ चिंतक नहीं है आज परिवारों में कलह वड़ रहीं हैं ये ठीक नहीं है इसमें सुधार की आवश्यकता है इसके लिए एक दूसरे पर विश्वास करना पड़ेगा ।

### पुष्प की तरह जिंदगी को बनाएं...

माताजी ने कहा कि पुरानी पिच्छिका प्रदान कर संयम के मार्ग पर अग्रसर होने का अवसर मिल रहा है आप रुक सकते हैं। समय नहीं रुकने वाला इसलिए समय सभी गुलदस्ते के रूप में आपके सामने है जो सुगंधित पुष्पों के समूह के रूप में काम करने लगे तो सफलता अवश्य मिलेगी ।

# धर्मनगरी भीलवाड़ा में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन आज से

## संत श्री रामप्रसाद जी महाराज करेंगे कथा वाचन। पहले दिन कथा का आगाज कलश एवं शोभा यात्रा से होंगा


संत श्री रामप्रसाद जी महाराज

सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया

**भीलवाड़ा।** धर्मनगरी भीलवाड़ा में सोमवार से अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के परम पूज्य संत श्री रामप्रसाद जी महाराज (बड़ौदा) के सानिध्य में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन होगा। भीलवाड़ा के सोनी परिवार द्वारा स्वर्गीय श्री रामनारायण सोनी की स्मृति में हो रहे इस आयोजन के तहत 18 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक महेश वाटिका में श्रीमद् भागवत कथा का वाचन व्यासपीठ से संत रामप्रसाद जी महाराज करेंगे। आयोजन के तहत पहले दिन सोमवार सुबह 10 बजे से श्री गायत्री मंदिर से कथा स्थल महेश वाटिका तक कलश एवं शोभा यात्रा का आयोजन होंगा। आयोजन से जुड़े रमेशचंद्र, अशोक एवं सीए दिनेश सोनी के अनुसार आयोजन से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। उन्होंने समाज के सभी वर्गो के धर्मप्रेमियों से इस आयोजन में सहभागी बनकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### हर दिन होगा अलग-अलग प्रसंगों का वाचन

सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव आयोजन के तहत प्रतिदिन अलग-अलग प्रसंगों का वाचन होंगा। कथा के पहले दिन भागवत महात्म्य का वाचन हो होगा। इसी तरह आयोजन के तहत 13 दिसंबर को कपिल देव एवं ध्रुव चरित्र प्रसंग,14 को प्रह्लाद चरित्र एवं नरसिंह अवतार प्रसंग, 15 को रामावतार एवं कृष्ण जन्मउत्सव प्रसंग, 16 को गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग, 17 को रुक्मणी विवाह प्रसंग एवं 18 को कथा पूर्णाहुति दिवस पर सुदामा चरित्र प्रसंग का वाचन एवं भागवत पूजन होगा।

# नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित, जांच कर चश्मे भी नि :शुल्क वितरित



अर्पित जैन. शाबाश इंडिया

**भैंसलाना।** जारगन फ्री फोरम संस्था और ग्राम पंचायत सुंडो का बास के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को राजकीय स्कूल में मुफ्त नेत्र जांच शिवीर का एक दिवसीय आयोजन किया गया।इस दौरान लगभग 85 ग्रामीणों की जांच की गई।जिसमे 40महिलाएं और 45 पुरुष ने इस आयोजन का लाभ उठाया साथ ही 13 बच्चो की नेत्र जांच भी की गई। लगभग 18 लोगो को जॉच में मोतियाबिंद की परेशानी और 50 लोगो की नजर कमजोर पाई गई।नजर कमजोर वाले सभी ग्रामीणों को मुफ्त में संस्था की और से चश्मे प्रदान किए गए ।इसी के साथ गंभीर आंखो की बीमारियों को अनदेखा न करने की सलाह दी गई, साथ ही इलाज के जरूरतमद लोगो को आगे का इलाज राजकीय अस्पताल में संबंधित विशेषज्ञ की देखरेख में करवाने की सलाह दी गई।ग्राम पंचायत ने इस आयोजन में अपनी सहभागिता दिखाई और सभी ग्रामीणों को इसकी जानकारी प्रदान की। पूरे आयोजन का सफल बनाने में अपनी सहभागिता दिखाई और इसके सफल आयोजन के लिए उच्चतम प्रयास किया।सरपंच लाल राम ज्याणी और उपसरपंच सुरेश पालीवाल व गोपाल गुर्जर (ई-मित्र संचालक) ने पूरे आयोजन में अपनी सक्रियता दिखाई। जारगन फ्री फोरम के संथापक किशोर चौधरी ने बताया संस्था का मकसद ग्रामीणों के बीच जाकर उन लोगो को सहायता पहुंचना है जो शहर और स्वास्थ्य की सुविधाओ से वंचित है और आर्थिक रूप से कमजोर है तथा जरूरतमंद बुजुर्ग और महिलाएं है की श्रेणी में आते हैं।

# क्षेत्रीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

अनिल पाटनी. शाबाश इंडिया



**अजमेर।** लायंस क्लब प्रांत 3233 ई 2 के संभाग 4 के द्वितीय की सलाहकार समिति की बैठक वैशालीनगर स्थित क्रेजी टेल रेस्टोरेंट में क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन अंशु बंसल की अध्यक्षता में आयोजित की गई । लायंस मार्केटिंग के डिस्ट्रिक चेयरपर्सन लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि बैठक में लायंस क्लब अजमेर शौर्य, आस्था, पृथ्वीराज के पदाधिकारी एवम् केबिनेट मेंबर्स शामिल हुए । मीटिंग में क्लब्स द्वारा अब तक किए गए सेवा कार्यो की विवेचना की गई, साथ ही भावी कार्यकर्मो की जानकारी दी गई । प्रांतीय कार्यकर्मों में क्लब्स की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए आने वाले दिनों में प्रांत के होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देकर अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील की । इस अवसर पर पूर्व प्रांतपाल लायन सुधीर सोगानी, केबिनेट मेंबर लायन रामकिशोर गर्ग, संभागीय अध्यक्ष लायन कमल शर्मा ने भी अपने विचार रखे। लायंस क्लब शौर्य से सचिव लायन अमिता शर्मा, पृथ्वीराज से लायन गजेंद्र पंचोली, आस्था से लायन विनीता गर्ग ने क्लब्स की रिपोर्ट पेश की । आस्था के अध्यक्ष लायन घेवरचंद नाहर, शौर्य की लायन राजकुमारी पांडे ने भावी योजनाओं की जानकारी दी । इस अवसर पर लायन अशोक जैन, लायन लोकेश अग्रवाल, लायन आभा गांधी, लायन अतुल पाटनी, लायन प्रदीप बंसल, लायन शैलेश बंसल, लायन राजेंद्र गांधी, लायन हरीश गर्ग, लायन रेलिश बंसल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे ।

# स्लम एरिया नोसर घाटी के 85 बच्चे लाभान्वित, एक्शन संडे को क्रियान्वित करते गणवेश भेंट की गई




अनिल पाटनी. शाबाश इंडिया

अजमेर। लायंस क्लब्स इंटरनेशनल 3233 ई 2 के प्रांतपाल लायन दिलीप तोषनीवाल द्वारा निदेर्शानुसार एक्शन संडे को क्रियान्वित करते हुए लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा आज अजमेर का स्लम एरिया नोसर घाटी क्षेत्र में रहने वाले 85 जरूरतमंद बच्चो के लिए समाजसेवी लायन राकेश पालीवाल,लायन मधु अतुल पाटनी के सहयोग से गणवेश भेंट की गई। क्लब अध्यक्ष लायन घेवर चंद नाहर ने बताया कि प्रांतीय प्रमुख कार्यक्रम आवश्कता अनुरूप सेवा के अंतर्गत इस क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता शैलेश सहाय सक्सेना एवम शिक्षिका दिव्या सक्सेना को 85 गणवेश सौंपी जिन्हे इस क्षेत्र के प्रबुद्धजन के सम्मुख जरूरतमंद बच्चो को क्रमबद्ध तरीके से वितरण की गई।

## भक्तों को आशीर्वाद देकर आचार्य श्री ने किया ससंघ मंगल विहार



**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया**

वात्सल्य वारिधि राष्ट्र गौरव परम पूज्य आचार्य वर्धमान सागर जी महाराज ने आज गंगापुर के जैन समाज एवं आमजन को अपना मंगल आशीष प्रदान कर गंगापुर से किशनगढ़ की ओर मंगल विहार आज प्रातः 8:00 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ हुआ और खंडेलवाल धर्मशाला आचार्य संघ की निर्भिंग संपन्न हुई। दोपहर में आचार्य संघ के दर्शनों के लिए किशनगढ़ निवाई बोली जयपुर गंगापुर सिटी के भक्तों का दर्शन के लिए तांता लगा रहा। दोपहर समय सामायिक के बाद2:00 बजे पुनः मंगल विहार पुनः प्रारंभ हुआ इस दौरान सैकड़ों जैन बंधु आचार्य गुरुवर की जय जयकार करते हुए मंगल विहार में सहयोग प्रदान कर साथ साथ पैदल पैदल चलते हुए आचार्य संघ बाढ़ खुर्द स्थित श्री मत्स्य कॉलेज ऑफ फामेर्सी के नवनिर्मित भवन में पहुंचा जहां पर डॉक्टर महेंद्र मीना ने आचार्य संघ की श्रीफल भेंट कर व चरण प्रक्षालन कर आचार्य संघ की अगवानी की। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के रीजन उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन नृपत्या एवं मंगल विहार समिति के सदस्य नवनीत काला ने बताया कि आचार्य संघ का विहार बोली निवाई होते हुए किशनगढ़ के लिए हो रहा है। किशनगढ़ में जनवरी माह में भव्य पंच कल्याणक महोत्सव आचार्य वर्धमान सागर जी ससंघ के सानिध्य में होगा।

# नि:शुल्क बहुचिकित्सीय शिविर का आयोजन



**सुजानगढ़. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन समाज सुजानगढ़ निवासी जयपुर प्रवासी स्वर्गीय मोतीलाल जी-स्वर्गीय नोरतन देवी बाकलीवाल की पुण्य स्मृति में भागचंद शांति देवी बाकलीवाल परिवार के सौजन्य से सुजलांचल विकास मंच समिति के तत्वाधान में निशुल्क बहुचिकित्सीय शिविर का आयोजन हुआ। शिविर के मुख्य अतिथि नगर परिषद की सभापति नीलोफर गोरी थी व अध्यक्षता मदनलाल विनोद कुमार पाटनी चैरिटेबल ट्रस्ट गुवाहाटी के पीयूष पाटनी, स्वागत अध्यक्ष भामाशाह बाकलीवाल परिवार के सुशील कुमार बाकलीवाल व विशिष्ट अतिथि हारे के सहारा टीम के श्याम स्वर्णकार,समाजसेवी संजय कुमार ठोलिया जयपुर थे। सर्वप्रथम भगवान महावीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आगंतुक अथिथियो ने शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सभापति ने कहा की मानव सेवा उत्तम सेवा है समिति द्वारा जरूतमंद आमजन हेतु जो कार्य किए जा रहे वो अतुलनीय है इस नेक व पुनीत कार्य के लिए बाकलीवाल परिवार व समिति का आभार व्यक्त किया। शिविर प्रभारी महक पाटनी ने जानकारी देते हुए बताया कि नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल जयपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ देवेंद्र श्रीमाल, डॉक्टर अभिनव गुप्ता, डॉक्टर मधुकर त्रिवेदी,डॉक्टर कमल कस्वा व उनकी टीम ने अपनी सेवा दी व बल्ड शुगर,बल्ड प्रेशर,ईसीजी की जांच कर रोगियों को उचित परामर्श दिया गया। योग्य व जरूरतमंद 150 रोगियों को दवाई निशुल्क प्रदान की गई। शिविर में सुजानगढ़, लाडनूं जसवंतगढ़, निम्बी, छापर, बीदासर, सालासर, सहित आस पास के क्षेत्रों के 252 रोगी लाभान्वित हुए। आगंतुक अतिथियों का स्वागत समिति के सचिव विनीत बगड़ा, मीनू देवी बगड़ा, मैना देवी पाटनी, निशा पांड्या, वीणा छाबड़ा ने किया शिविर में लालचंद बगड़ा,मंजू बाकलीवाल, मंजू देवी पाटनी, इंद्रा बाकलीवाल, महावीर प्रसाद पाटनी, विमल पाटनी ने अपनी सेवाएं दी, शिविर का अवलोकन पूर्व सरपंच गजराज सडूवाला, समाजसेवी संतोष गंगवाल, सरोज पाटनी सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने किया। समिति अध्यक्ष श्रीमती उषा बगड़ा ने आगंतुक अतिथियों और सफल आयोजन के लिए अस्पताल प्रबंधन आभार व्यक्त किया।

# दिगंबर जैन समाज झुमरी तिलैया ने मौन जुलूस निकाला

### जैन समाज के पदाधिकारियों की टीम ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू जी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वन मंत्री माननीय भूपेंद्र यादव, मुख्यमंत्री झारखंड हेमंत सोरेन के नाम इस निर्णय को वापस लेने के लिए मेमोरेंडम उपायुक्त कार्यालय कोडरमा में गोपनीय शाखा के प्रभारी जयपाल सोए को दिया...


**झुमरीतिलैया. शाबाश इंडिया**

भारत सरकार के द्वारा सम्मेद शिखर पारसनाथ को पर्यटन क्षेत्र घोषित करने के विरोध में श्री दिगंबर जैन समाज झुमरी तिलैया के द्वारा आज मौन जुलूस निकाला गया, सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पुरुष बच्चे नगर भ्रमण में इस आदेश को वापस लेने का स्लोगन का तख्त लेकर साथ में चल रहे थे। आज दिल्ली के रामलीला मैदान मे पूरे भारतवर्ष के लाखों जैन धर्मावलंबी सरकार के इस निर्णय को वापस लेने के लिए इसके विरोध में रैली में भाग ले रहे हैं। जैसा कि मालूम हो 2019 को झारखंड सरकार की अनुशंसा पर वन मंत्रालय भारत सरकार ने यह निर्णय लिया है। जैन समाज के पदाधिकारियों की टीम ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू जी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वन मंत्री माननीय भूपेंद्र यादव, मुख्यमंत्री झारखंड हेमंत सोरेन के नाम इस निर्णय को वापस लेने के लिए मेमोरेंडम उपायुक्त कार्यालय कोडरमा में गोपनीय शाखा के प्रभारी जयपाल सोए को दिया। इस मौके पर




राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता समाजसेवी सुरेश झाझंरी ने कहा कि सम्मेद शिखर पारसनाथ पूरे भारतवर्ष के करोड़ों जैन धर्मावलंबियों का श्रद्धा और आस्था का सर्वोच्च तीर्थ स्थल है यहां से जैन धर्म के 20 तीर्थंकर मोक्ष गए सरकार के द्वारा हमारे तीर्थ को पर्यटन क्षेत्र घोषित निर्णय किसी भी रूप में मान्य नहीं है। पूरे विश्वभर के जैन इसका विरोध करते हैं। जैन समाज के मंत्री ललित सेठी और पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि सम्मेद शिखर पारसनाथ को मौज मस्ती और पर्यटन का क्षेत्र बनाना जैन धर्मावलंबियों के आस्था और श्रद्धा के साथ खिलवाड़ है पूरे भारतवर्ष और विदेशों से जैन धर्म के लाखों श्रद्धालु यहां प्रतिवर्ष तीर्थ दर्शन के लिए आते हैं यहां की भूमि का कण कण पूजनीय है पूरे भारतवर्ष के जैन धर्म के लोग भारत सरकार से निवेदन करते हैं कि अपना यह निर्णय वापस ले। इस मौके पर जैन समाज के उपाध्यक्ष कमल सेठी सह मंत्री नरेंद्र झाझंरी, उप मंत्री राज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र काला, सुशील छाबड़ा, सुरेश सेठी, पदम सेठी, ओम सेठी, मनीष सेठी, जैन युवक समिति के अमित गंगवाल लोकेश पाटोदी, मनीष गंगवाल, संजय ठोलिया, अमित सेठी, संदीप, अजय, प्रशम सेठी, महिला समाज की अध्यक्ष नीलम सेठी, मंत्री आशा गंगवाल, मोना छाबड़ा, प्रेम झाझंरी, किरण बड़जात्या, पिंकी, सिमा, अलका सेठी, रितेश दुग्गड़, हेमंत दुग्गड, संजय छाबड़ा, गोलू सोगानी, एवं जैन समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित हैं। **यह सभी जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी राजकुमार अजमेरा, नवीन जैन ने दी।**

# मानव रक्त के बारे में दिलचस्प तथ्य क्या हैं?




### मानव रक्त के बारे में कुछ तथ्य यहां दिए गए हैं, जिनमें से अधिकांश हमें नहीं पता...

**अनोखे तथ्य:** एक वयस्क मानव के सारे खून को बहाने में 1,120,000 मच्छरों की जरूरत होगी। रक्त को प्रसारित करने के लिए, हृदय इतना दबाव बनाता है कि वह 9 मीटर ऊंचा रक्त प्रवाह जारी कर सके। एक इंसान एक नाड़ी के बिना रह सकता है। 2012 में, डॉक्टरों ने 55 साल के क्रेग लुईस के शरीर में एक उपकरण स्थापित किया, जो बिना नाड़ी के उसके पूरे शरीर में रक्त प्रवाह करने की अनुमति देता है। स्टान लार्किन एक प्रत्यारोपण के इंतजार में, बिना दिल के 555 दिन जीवित रहे। उनके अपने दिल को एक उपकरण द्वारा बदल दिया गया था जिसे स्टेन ने अपने बैग में ले जाने के लिए इस्तेमाल किया था। वह बास्केटबॉल भी खेल सकता था। 25 दिनों में परिसंचारी शरीर से गुजरने वाले रक्त की मात्रा लगभग एक मध्यम आकार के पूल के बराबर होती है। एक व्यक्ति अपने रक्त का 40% खो सकता है और जीवित रह सकता है। बेशक, एक समय पर रक्त आधान आवश्यक है। सभी दिल के दौरे 21% सोमवार को होता है। दूसरी शुक्रवार को होती है। हमारी हृदय गति हमारे मूड को प्रभावित करती है। दिल के दौरे के जोखिम को कम करने के लिए, आपको सुबह में धीरे-धीरे जागने और शाम के वर्कआउट की तीव्रता को कम करने की आवश्यकता है। नारियल पानी रक्त प्लाज्मा को उनकी समान रचनाओं की बदौलत बदलने में सक्षम है। **रक्त समूह में आमतौर पर ऐसे संयोजन होते हैं: ए + एबी या ए + ओ।** रक्त के प्रकार का हमारे स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। टाइप ओ लोगों को हृदय रोग का खतरा नहीं है, लेकिन वे त्वचा कैंसर या मोटापे के विकास की अधिक संभावना रखते हैं। टाइप ए वाले लोगों को अपने रक्त में कोलेस्ट्रॉल के स्तर पर ध्यान देना चाहिए। उन्हें कोरोनरी धमनी रोग विकसित होने का खतरा है। टाइप बी वाले लोगों को याद रखना चाहिए कि उन्हें मधुमेह और अग्नाशय के कैंसर का खतरा है। एबी-टाइप रक्त वाले लोगों को अपनी स्मृति और एकाग्रता का ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि एबी लोगों में संज्ञानात्मक हानि का जोखिम अन्य प्रकारों की तुलना में 82% अधिक है।




## फीफा विश्व कप में जयपुर के रहमान अली



**कतर / जयपुर. शाबाश इंडिया**

बॉलीवुड सिंगर जयपुर के रहमान अली ने कतर में आयोजित फीफा फुटबॉल विश्व कप 2022 मे पचास हजार दर्शकों के सामने अपने गायन से अपने देश भारत का नाम रोशन किया। एशियन टाउन फेनजोन, व ग्रैंड मॉल स्टेडीयम कतर दोहा मे रहमान अली ने बॉलीवुड के एक से बढकर एक नगमो से दुनिया भर से आये दर्शकों का मनोरंजन किया। साथ मे कोलकाता की सिंगर अभिनंदा सरकार व लिन्सिया व मुंबई के जहीर दरबार के बेड ने रंग जमाया। रहमान अली म्यूजिक का महा मुकाबला व जो जिता वो सुपर स्टार जेसे रियलिटी शो मे सेमीफाइनलिस्ट रहे हे। श्रेया घोषाल, हिमेश रश्मियाँ, शंकर महादेवन, जेसे कलाकारो के साथ काम कर चुके हैं। शाहरुख खान ने रहमान अली के गायन की बहुत प्रसंशा की।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतु का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादक: राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

दैनिक ई-पेपर
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com